COVID से सुरक्षा

रैपिड एंटीजन टेस्ट का प्रयोग कर रहे हैं?

यदि आपका टेस्ट परिणाम पॉज़िटिव आता है तो आपको क्या जानना चाहिए।

रैपिड एंटीजन टेस्ट किसे करना चाहिए।

यदि आपमें कोई COVID-19 लक्षण हैं, या किसी पॉज़िटिव केस के घरेलू, सामाजिक संपर्क हैं , कार्यस्थल या शिक्षा स्थान पर संपर्क में आए हैं, तो आपको एक रैपिड एंटीजन टेस्ट करना चाहिए। आप किसी घटना या कमज़ोर परिवार के सदस्यों से मिलने जाने से पहले भी टेस्ट कर सकते हैं। ऐसी अन्य स्थितियाँ भी हो सकती हैं जब आप टेस्ट करते हैं।

यदि आपका परीक्षण परिणाम पॉज़िटिव आता है तो चार चीज़ें करें।

1. **आपको अपने टेस्ट का पॉज़िटिव परिणाम आने पर** Service NSW वेबसाइट या ऐप पर दर्ज करना होगा ताकि आपको अपने COVID-19 जोख़िम के आधार पर महत्वपूर्ण स्वास्थ्य देखभाल सहायता और सलाह से जोड़ा जा सके। अगर आप या आपके परिवार में कोई ऑनलाइन दर्ज नहीं करा सकता है, तो कृपया Service NSW को 13 77 88 पर कॉल करें।

   यदि आपको एक नि:शुल्क टेलीफोन दुभाषिया की आवश्यकता है, तो 131 450 पर कॉल करें, अंग्रेजी में अपनी ज़रूरत की भाषा बोलें और दुभाषिए से आपको Service NSW से बात कराने के लिए कहें।

2. **आपको और आपके परिवार को तुरंत 7 दिनों के लिए स्वयं-एकांतवास में रहना होगा।** जब आप Service NSW दर्ज करते हैं, तो स्वयं-एकांतवास और घर पर COVID-19 का प्रबंधन कैसे करें, इस पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की जाएगी या आप यह जानकारी nsw.gov.au पर देख सकते हैं।
3. **उन लोगों को बताएँ जिनके साथ आपने** लक्षण शुरू होने से 2 दिन पहले या पॉज़िटिव टेस्ट परिणाम आने से 2 दिन पहले (जो भी पहले हुआ) **समय बिताया था** कि आप COVID-19 से संक्रमित हैं। इसमें आपके सामाजिक संपर्क, कार्यस्थल और/या स्कूल के संपर्क शामिल **हैं।**
4. **अपने लक्षणों की निगरानी करें** और जब आप अपने रैपिड एंटीजन टेस्ट का पॉज़िटिव परिणाम दर्ज करते हैं तो आपको मिली स्वास्थ्य सलाह का पालन करें।

और अधिक जानकारी के लिए nsw.gov.au पर देखें

> COVID से सुरक्षा, यह हम सभी के लिए है

NSW GOVERNMENT